# पार्षद की गोली मारकर हत्या

## 4 महीने पहले जेल से बाहर आए थे



**दतिया, 31 मार्च. मंदिर से लौट रहे भाजपा पार्षद की गोली मारकर हत्या कर दी गई. पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है. घटना आज मंगलवार सुबह सेवढ़ा चुंगी चौराहे की है. वार्ड नंबर 1 के पार्षद कल्लू कुशवाहा रोज की तरह चौराहे पर टहलने आए थे, तभी अचानक हमलावर पहुंचे और उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी.**

गोली लगते ही वे मौके पर ही गिर पड़े. वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए. घटना के बाद बड़ी संख्या में लोग इकट्?ठा हो गए. इलाके में तनाव का माहौल है. सूचना मिलते ही कोतवाली थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई है. प्रारंभिक जांच में हत्या के पीछे आपसी रंजिश की आशंका जताई जा रही है. दतिया कोर्ट ने पूर्व पार्षद बाल किशन कुशवाहा की हत्या के मामले में पार्षद कल्लू कुशवाहा समेत छह लोगों को उम्रकैद की सजा सुनाई थी. 4 महीने पहले ही वे जेल से बाहर आए थे.

घोड़ा लात मार देगा कहना पड़ा भारी

# युवक को घेरकर चाकुओं से गोदा, मौके पर ही मौत

तीन गिरफ्तार, पांच फरार



**जबलपुर, 31 मार्च. हनुमानताल थाना अंतर्गत नूरानी गेट में एक शादी समारोह के दौरान शुरू हुआ मामूली विवाद खूनी रंजिश में बदल गया. घोड़े से दूर हटने की सलाह देना एक युवक को इतना भारी पड़ा कि आठ आरोपियों ने उसे रास्ते में घेरकर चाकुओं से गोद कर मौत के घाट उतार दिया. पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है जबकि पांच अब भी फरार है जिनकी सरगर्मी से तलाश जारी है.**

पुलिस ने बताया कि नयापुल मोतीनाला निवासी मोनू अपने साथियों सोहराब, बादशाह और अमन के साथ शादी-ब्याह में घोड़ा-बग्घी चलाने का काम करता था. शनिवार रात करीब 11 बजे वे नूरानी गेट के पास एक बारात में शामिल थे. इसी बीच घोड़े के पीछे खड़े जीशान नामक युवक को मोनू ने सुरक्षा के लिहाज से टोका कि पीछे मत खड़े हो, घोड़ा लात मार देगा. जीशान इस बात को लेकर आपा खो बैठा. मौके पर मौजूद लोगों ने उस वक्त विवाद शांत करा दिया, लेकिन जीशान देख लेने की धमकी देकर वहां से चला गया.

# मध्यप्रदेश में बढ़ा धर्मांतरण, भगवाधारी सरकार क्या फिर जीत पाएगी : टी राजा

- आने वाले समय में होगा युद्ध तैयारी नहीं तो बनेंगे गुलाम
- बोले : सीएम मोहन को यूपी की तर्ज पर करना होगा काम



**जबलपुर, 31 मार्च. मध्य प्रदेश में जबरन धर्मांतरण को लेकर कानून बना हुआ है सख्त सजा का प्रावधान है लेकिन सरकार सिर्फ कानून पारित कर कागजों में रख देती है जिसके चलते मप्र में तेजी से हिंदुओं धर्मांतरण बढ़ रहा है. इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो आदिवासी और हिंदू समाज खत्म हो जाएगा. आने वाला समय युद्ध का होगा जिसकी हमें तैयारी भी करनी होगी अगर ऐसा नहीं किया तो हमारी पीढ़ी गुलाम हो जाएगी.**

यह बयान तेलंगाना की गोशामहल सीट से विधायक टी राजा ने जबलपुर में हिंदू सेवा परिषद की गदा यात्रा में शामिल होते हुए दिया. आगे उन्होंने नौदरा ब्रिज चौराहे पर सभा को संबोधित करते हुए यह भी कहा कहा कि सीएम मोहन यादव को यूपी की तर्ज पर करना होगा वहां अगर कोई हमारी बहन-बेटी को आंख उठाकर भी देखता है, तो सख्त कार्रवाई होती है. हिंदू समाज के लोगों ने मिलकर भगवा सरकार बनाई लेकिन धर्मांतरण नहीं रूका. इस पर सीएम को विचार करना होगा कि अगर ऐसे ही धर्मांतरण चलता रहा तो क्या भगवाधारी सरकार फिर मप्र में जीतेगी. मोहन भैय्या से निवदेन है कि वे बहन-बेटी की सुरक्षा सुनिश्चित करें. अगर इस पर ध्यान नहीं दिया तो धीरे-धीरे आदिवासी और हिंदू समाज खत्म हो जाएगा.

### हमें हनुमानजी जैसा बनना होगा

टी राजा ने गदा यात्रा के दौरान कहा कि जितने भी गदाधारी हैं वे चुनाव के समय जब बैलेट मशीन में बटन दबाने जाएंगे तो उन्हें सिर्फ एक ही सिंबल दिखाई देता है और वह भगवे का है और गदा यात्रा का उद्देश्य है कि हमें हनुमानजी जैसा बनना होगा. घर में घुसकर मारने की आज जरूरत आन पड़ी है. हम सबको मिलकर उसी राह पर चलना है.

विधायक टी. राजा सभा में ओवैसी ब्रदर्स पर भी जमकर बरसे . उन्होंने कहा कि असदुद्दीन ओवैसी विपक्षी पार्टियों को ब्लैकमेल करते हैं कि चुनाव में उनके वोट काटेंगे, नहीं तो पैसे दो. वे पश्चिम बंगाल में चुनाव लड़ने नहीं धंधा करने गए हैं. पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को लेकर उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी ने बांग्लादेशियों को पनाह दे रखी है.

## एक नजर में

### विकास और सम्मान की भावना को करेगा मजबूत

**जबलपुर.** भगवान विश्वकर्मा सृजन, निर्माण और तकनीकी कौशल के प्रतीक हैं, और उनके नाम पर चौक का नामकरण शहर के विकास और श्रम-सम्मान की भावना को और मजबूत करेगा. यह बातें रानीताल गेट नंबर 3 के समीप नव-नामांकित भगवान विश्वकर्मा चौक के लोकार्पण अवसर पर उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहीं. इस अवसर पर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने कहा कि यह केवल एक चौक का नामकरण नहीं, बल्कि विश्वकर्मा समाज के सम्मान, योगदान और गौरव की औपचारिक स्वीकृति है.

### दीवार में भिड़ी बाइक दो लोगों की मौत

**ग्वालियर.** बाजार से सामान खरीदकर वापस जा रहे बाइक सवार हादसे का शिकार हो गए. उनकी बाइक ब्रेकर पर उछलकर सामने दीवार से जा टकराई. हादसा इतना जबर्दस्त था कि बाइक पर बैठे दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. घटना में एक घायल हुआ है, जिसका इलाज चल रहा है. मृतक टीकमगढ़ के रहने वाले थे और मजदूरी का काम करते थे. घटना मुरार थाना क्षेत्र के फक्कड़ बाबा के पास बड़ागांव की है. पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है.

### भाजपा के संरक्षण में बढ़ रहे महिला अपराध : डॉली

**सतना.** भाजपा की डबल इंजन सरकार के संरक्षण में महिला अपराध बढ़ रहे हैं. अकेले सतना जिला में गौर करें तो भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष से लेकर मंडल अध्यक्ष और पार्षद पति तक महिलाओं का शोषण करने के आरोपों से घिरे हैं. यह कहना है महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष डॉली चौरसिया का, उन्होंने इस संबंध में मीडिया से बात करते हुए कहा कि अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लाम्बा और प्रदेश अध्यक्ष रीना बैरासी के निर्देश पर मासूम बेटियों को न्याय दिलाने के लिए निर्णायक संघर्ष किया जाएगा. उन्होंने सरकार से मांग की है कि महिला अपराधों के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाई जाए.

## गुना में सबसे बड़ा धार्मिक मेला 2 अप्रैल से

**गुना.** जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल टेकरी धाम पर श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में 2 अप्रैल को आयोजित होने वाले विशाल मेले की तैयारियां अंतिम चरण में हैं. मंदिर ट्रस्ट और जिला प्रशासन द्वारा पिछले एक माह से की जा रही व्यवस्थाओं को अब अंतिम रूप दिया जा रहा है. जन्मोत्सव पर पूरे मंदिर परिसर को क्विंटलों नायाब फूलों, जैसे आर्केड, रजनीगंधा, जरबेरा, मोगरा और स्थानीय गुलाबों से सजाया जा रहा है. आकर्षक साज-सज्जा श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र होगी. मंदिर के प्रवक्ता राजेश अग्रवाल तैयारियों और आयोजन को लेकर विस्तृत जानकारी साझा की है. उनके मुताबिक 1 अप्रैल की रात 12 बजकर 30 मिनट पर पट खोल दिए जाएंगे. मंगला आरती तड़के 4 बजकर 15 मिनट पर होगी और और शयन आरती रात 12 बजकर 15 मिनट पर की जाएगी.

# पोल्ट्री फॉर्म की आड़ में चल रही ड्रग फैक्ट्री का खुलासा

- मुख्य सरगना सहित 4 गिरफ्तार, भारी मात्रा में केमिकल और उपकरण जब्त



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम। जिले में पुलिस ने बड़ी और सुनियोजित कार्रवाई करते हुए पोल्ट्री फार्म की आड़ में संचालित सिंथेटिक ड्रग (एमडी/एमडीएमए) बनाने की अवैध फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है।**

रात में की गई इस कार्रवाई में अंतरराज्यीय स्तर पर सक्रिय मुख्य सरगना सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। मौके से 200 ग्राम तैयार एमडी ड्रग्स, बड़ी मात्रा में केमिकल और निर्माण में उपयोग होने वाले उपकरण जब्त किए गए हैं।

पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित प्रेस वार्ता में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने बताया कि गिरफ्तार मुख्य आरोपी जमशेद खान उर्फ सेठ के खिलाफ राजस्थान, गुजरात और मध्यप्रदेश में पहले से कई प्रकरण दर्ज हैं। उसकी गिरफ्तारी से एक संगठित ड्रग मैन्युफैक्चरिंग नेटवर्क का बड़ा खुलासा हुआ है।

प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि दबिश से एक दिन पहले ही करीब 3 किलो एमडी ड्रग्स एक पार्टी को सप्लाई की गई थी। पुलिस अब पूरी सप्लाई चेन की कड़ियां जोड़ने में जुटी है और अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार, थाना पिपलोदा क्षेत्र के ग्राम बोरखेड़ा स्थित एक पोल्ट्री फार्म, जो सलीम पिता अहमद खान का है, वहां अवैध रूप से ड्रग निर्माण किया जा रहा था। मुखबिर से सूचना मिलने के बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार के मार्गदर्शन में एसडीओपी जावरा संदीप मालवीय के नेतृत्व में सायबर सेल, पिपलोदा, जावरा शहर और औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस की संयुक्त टीम गठित की गई।

सोमवार-मंगलवार की रात टीम ने घेराबंदी कर फार्म पर दबिश दी। पुलिस को देखते ही आरोपी भागने लगे, लेकिन टीम ने चारों ओर से घेराबंदी कर उन्हें दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपियों में रईस खान (35) निवासी राकोदा, युसूफ (45) निवासी बोरखेड़ा, सलीम उर्फ राजू (40) निवासी बन्नाखेड़ा तथा जमशेद खान उर्फ सेठ (42) निवासी देवल्दी, जिला प्रतापगढ़ (राजस्थान) शामिल हैं। चारों आरोपी केमिकल के जरिए एमडी ड्रग तैयार कर रहे थे। पूछताछ में आरोपियों ने अवैध ड्रग फैक्ट्री संचालित करना स्वीकार किया है। उनके खिलाफ थाना पिपलोदा में अपराध क्रमांक 92/2026 धारा 8/22 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

**पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका:** इस बड़ी कार्रवाई में एसडीओपी संदीप मालवीय, थाना प्रभारी रमेश कोली, सायबर सेल प्रभारी अमित कोरी सहित पुलिस टीम के कई अधिकारियों और जवानों की अहम भूमिका रही।

### ये प्रोसेसिंग उपकरण जब्त किए ...

तलाशी के दौरान 200 ग्राम एमडी (कीमत करीब 20 लाख रुपए), 2-ब्रोमो-4 मिथाइल प्रोपिओफेनोन (900 ग्राम), एमडीसी केमिकल (140.48 किलोग्राम), एचसीएल केमिकल (35.600 किलोग्राम) सहित गैस सिलेंडर, चूल्हा, भट्टी, ड्रायर मशीन, इलेक्ट्रिक बोर्ड, प्लास्टिक कैन, स्टील के बर्तन व अन्य प्रोसेसिंग उपकरण तथा तीन मोबाइल फोन जब्त किए गए।

## भ्रष्टाचार का दोषी पाते हुए पटवारी को कोर्ट ने सुनाई तीन साल की सजा

**खंडवा.** भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति को पुख्ता करते हुए खंडवा की विशेष अदालत ने रिश्वत मांगने वाले एक पटवारी को जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया है. भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की अदालत ने आरोपी पटवारी दिनेश जगताप (51) को कर्तव्य निर्वहन में भ्रष्टाचार का दोषी पाते हुए तीन साल के सश्रम कारावास और 15 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है. इस पूरे मामले की शुरुआत ग्राम छैगांव माखन निवासी सादिक शेख की शिकायत से हुई थी. सादिक ने अपनी पत्नी आयशा शेख के नाम पर 450 वर्गफीट का एक प्लॉट खरीदा था. जिसके नामांतरण की प्रक्रिया पूरी करने के लिए पटवारी दिनेश जगताप ने 3 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की थी. फरियादी सादिक ने इंदौर लोकायुक्त पुलिस की शरण ली.



# हिंदुओं की रक्षा के लिए तालिबान जैसे संगठनों की जरूरत

**ग्वालियर, 31 मार्च. महामंडलेश्वर और डासना पीठ के पीठाधीश्वर यतिनरसिंहानंद गिरी ग्वालियर पहुंचे. उन्होंने कहा है कि हिन्दुओं की रक्षा के लिए तालिबान और आईएसआईएस जैसे संगठनों की जरूरत है. उन्होंने कहा कि देश में सबसे बड़ी सनातन विरोधी सरकार भाजपा की है.**

उन्होंने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने भाजपा सरकार को हिन्दुओं का सबसे बड़ा दुश्मन बताया. उनका कहना है कि भगवान श्री राम के नाम पर सत्ता में आकर भारतीय जनता पार्टी की सरकार में लव जिहाद के मामले पड़े हैं. यह सरकार भी कांग्रेस की तरह मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति केवल सत्ता सिंहासन पर काबिज रहने के लिए कर रही है. हिंदुओं को अपनी रक्षा के लिए खुद ही आगे आना होगा.

उन्होंने हिंदुओं को ज्यादा बच्चे पैदा करने और परिवार बढ़ाने की आवश्यकता पर भी बल दिया.

# एमपी स्टेट बार चुनाव : कल से मिलेंगे नामांकन फार्म

## दिव्यांगों के लिए विशेष रियायत, निर्धारित शुल्क पांच हजार जमा करना होगा

**जबलपुर, 31 मार्च. एमपी स्टेट बार कांउसिल के निवार्चन अंतर्गत नामांकन प्रक्रिया प्रारंभकी जा रही है. निर्धारित शुल्क पांच हजार जमा करने पर नामांकन फार्म दो अप्रैल से प्राप्त किए जा सकेंगे. दिव्यांग श्रेणी के अंतर्गत नामांकन फॉर्म प्राप्त करने के इच्छुक अधिवक्ताओं को जिला अथवा संभागीय मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी न्यूनतम 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा. प्रमाण पत्र के सत्यापन उपरांत पांच सौ रुपये शुल्क जमा करने पर उन्हें नामांकन फॉर्म प्रदान किया जाएगा.**



निर्वाचन अधिकारी न्यायमूर्ति एसके पालो ने बताया कि नामांकन फार्म स्टेट बार कार्यालय से चालान अथवा डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से प्राप्त किया जा सकेगा. डिमांड ड्राफ्ट हाईपावर्ड इलेक्शन कमेटी के नाम से यूनियन बैंक या एसबीआई, जबलपुर में देय होगा. प्रत्येक प्रत्याशी को एक सेट प्रदान किया जाएगा, जिसमें दो नामिनेशन फार्म व दो डिक्लेरेशन फार्म सम्मिलित होंगे. प्रत्याशियों को निर्धारित नामांकन शुल्क डिमांड ड्राफ्ट अथवा चालान के माध्यम से जमा करना अनिवार्य होगा.

### बंगला नंबर से जुड़ा मामले का आदेश निरस्त

मप्र हाईकोर्ट ने कैंट बोर्ड के अधीन स्थित अंग्रेजों के जमाने के बंगला नम्बर पांच से जुड़े मामले में ढाई दशक पुराने बेदखली आदेश को निरस्त कर दिया. जस्टिस विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की युगलपीठ ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि प्रशासन अवैध निर्माण साबित नहीं कर सका. अधीनस्थ अदालत का फैसला अनुमान पर आधारित था. बिना ठोस साक्ष्य के किसी भी निर्माण को अवैध नहीं माना जा सकता. उक्त मत के साथ न्यायालय ने डिफेंस एस्टेट आफिसर के 12 जुलाई 2000 व पांच मार्च 2002 के दोनों आदेशों को निरस्त कर दिया.

### शिक्षकों को ओल्ड पेंशन स्कीम का लाभ क्यों नहीं

हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा व न्यायमूर्ति विनय सराफ की युगलपीठ ने राज्य शासन से पूछा है कि प्राथमिक शिक्षकों को ओल्ड पेंशन स्कीम का लाभ क्यों नहीं दिया जा रहा है. शिक्षकों की याचिका पर कोर्ट ने स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव, वित्त विभाग के प्रमुख सचिव, कलेक्टर और डीईओ रीवा को नोटिस जारी किए हैं. रीवा निवासी पंकज पांडे सहित 28 शिक्षकों ने याचिका दायर कर मप्र स्कूल शिक्षा सेवा (टीचिंग कैडर) सेवा शर्त एवं भर्ती नियम, 2018 को चुनौती दी है.

# टैक्स जमा कराने के अंतिम दिन लापरवाही से आक्रोश

**नवभारत न्यूज**

**नामली।** नगर परिषद नामली में प्रशासनिक लापरवाही का गंभीर मामला सामने आया है। 31 मार्च को टैक्स जमा करने की अंतिम तिथि होने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी समय पर उपस्थित नहीं हुए, जिससे आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को समय सुबह निर्धारित था, लेकिन मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) नासीर अली दोपहर करीब 1:15 बजे मौके पर पहुंचे। इस दौरान बड़ी संख्या में टैक्स जमा कराने पहुंचे नागरिक घंटों तक इंतजार करते रहे। मौजूद लोगों ने बताया कि अधिकारियों की अनुपस्थिति ने व्यवस्थाओं की पोल खोल दी। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, एक ओर नगर परिषद प्रशासन टैक्स वसूली के लिए लगातार अभियान चला रहा है, वहीं दूसरी ओर अंतिम दिन ही अधिकारियों की देरी से नागरिकों में नाराजगी बढ़ गई ।लोगों का कहना है कि जब प्रशासन खुद समय का पालन नहीं करता, तो आम जनता से अनुशासन की अपेक्षा कैसे की जा सकती है। मामले में सीएमओ नासीर अली एवं नगर परिषद के जिम्मेदार अधिकारी राजेश पथरोड़ से मोबाइल फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन दोनों ने कॉल रिसीव नहीं किया, जिससे जवाबदेही पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि लोक अदालत जैसे महत्वपूर्ण आयोजन में अधिकारियों की अनुपस्थिति न केवल व्यवस्था को प्रभावित करती है.

## दुकानों के आसपास शराब पीने वालों पर कार्रवाई

**रतलाम।** शहर स्थित मदिरा दुकानों के आसपास तथा सार्वजनिक स्थानों पर अवैध मदिरापान करने वालो के विरुद्ध कार्रवाई की गई। शहर गश्त के दौरान आबकारी टीम द्वारा लक्कड़पीठा, त्रिपोलिया गेट, शहर सराय, महू बस स्टैंड एवं स्टेशन रोड मदिरा दुकानों के आसपास क्षेत्रों में निरीक्षण कर कर अवैध मदिरापान करने वालो पर प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। कार्यवाही के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक पुष्पराज चौहान , सचिन भास्करे, अभिषेक वायकर तथा आबकारी आरक्षक बानसिंह अहीरे , विक्टोरिया बोरासी तथा वरुण चौहान सम्मिलित रहे।

## अस्पताल में गंदगी देख भड़के ऊर्जा मंत्री

**ग्वालियर.** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर एक बार फिर अपने अनोखे अंदाज को लेकर चर्चा में हैं. हजीरा सिविल अस्पताल में निरीक्षण के दौरान जब उन्होंने गंदगी देखी तो न सिर्फ नाराज हुए, बल्कि खुद मैदान में उतरकर सफाई करने लगे. मंत्री का यह अंदाज़ लोगों को चौंकाने वाला भी रहा और संदेश देने वाला भी. उनका यह वीडियो अब ऊर्जा मंत्री पहले भी अपने अलग तरीकों के चलते सुर्खियों में रहे हैं. कभी नाले में उतरकर कीचड़ हटाते नजर आए, तो कभी खराब सड़कों के विरोध में चप्पल पहनना छोड़ दिया. जनहित से जुड़े मुद्दों पर उनका सीधा और ज़मीन से जुड़ा रवैया अक्सर लोगों का ध्यान खींचता रहा है. यह पूरा मामला उस वक्त का है जब ऊर्जा मंत्री अपने विधानसभा क्षेत्र के हजीरा सिविल अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंचे. अस्पताल परिसर में घूमते हुए उनकी नजर पानी की टंकियों के पास फैली गंदगी पर पड़ी. हालात देखकर वे नाराज़ हो गए और तुरंत रुककर स्थिति का जायजा लिया. गंदगी देखकर मंत्री ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को तुरंत बुलाया. उन्होंने अस्पताल परिसर में लापरवाही को लेकर अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई. मंत्री ने साफ शब्दों में कहा कि अस्पताल जैसे संवेदनशील स्थान पर ऐसी गंदगी किसी भी हालत में स्वीकार नहीं की जाएगी.

एक नजर में — बढ़ती महंगाई, गैस सिलेंडर, बिजली दरों में बढ़ोतरी आदि मुद्दों को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

# गैस टंकी की अर्थी निकाल कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**

**सैलाना।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के आह्वान पर मंगलवार को सैलाना नगर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बढ़ती महंगाई, गैस सिलेंडर के दामों में वृद्धि, बिजली दरों में बढ़ोतरी, गेहूं के समर्थन मूल्य में कमी एवं पेट्रोल-डीजल की किल्लत जैसे मुद्दों को लेकर अनूठा विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने गैस टंकी की अर्थी निकालकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

कार्यक्रम का नेतृत्व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक हर्ष विजय गेहलोत ने किया। रैली पुरानी नगर पालिका से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए सैलाना थाना परिसर पहुंची, जहां कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया।

सभा को संबोधित करते हुए हर्ष विजय गेहलोत ने केंद्र एवं राज्य सरकार की नीतियों पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि महंगाई ने आमजन और आदिवासी वर्ग का जीवन कठिन बना दिया है। गैस सिलेंडर और रोजमर्रा की वस्तुओं के बढ़ते दामों से आम नागरिक आर्थिक बोझ तले दब गया है, वहीं छोटे व्यापारी और किसान भी संकट का सामना कर रहे हैं। गैस की टंकी बुकिंग के लिए ग्रामीण क्षेत्र में 45 दिन एवं शहरी क्षेत्र में 35 दिन किया गया जो हमारे ग्रामीण के लिए बड़े परेशानी हो रही है गैस टंकी बुकिंग का समय एक जैसा रखें ।

ज्ञापन का वाचन करते हुए गेहलोत ने बताया कि हाल ही में गैस सिलेंडर के दामों में वृद्धि से आम लोगों की रसोई का बजट बिगड़ गया है और कई स्थानों पर गैस की उपलब्धता भी प्रभावित हो रही है। इसके साथ ही बिजली दरों में बढ़ोतरी से उपभोक्ताओं, व्यापारियों और किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक भार पड़ा है। किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए ज्ञापन में कहा गया कि असमय बारिश और ओलावृष्टि से फसलें खराब हो चुकी हैं, लेकिन किसानों को अब तक उचित मुआवजा और बीमा क्लेम नहीं मिला है। साथ ही, मध्यप्रदेश में गेहूं का समर्थन मूल्य अन्य राज्यों की तुलना में कम होने से किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। गेहलोत ने यह भी आरोप लगाया कि समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की तिथि बार-बार आगे बढ़ाई जा रही है, जिससे किसानों को अपनी उपज सुरक्षित रखने में परेशानी हो रही है। प्रदर्शन के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) तरुण जैन की अनुपस्थिति में थाना परिसर में नायब तहसीलदार महमूद अली को सौंपा। पूर्व मंडी अध्यक्ष शेखर गेहलोत, श्रीराम चौधरी, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष जगदीश पाटीदार, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामप्रसाद चंदेल, किसान ब्लॉक कांग्रेस नरेंद्र ग्रवाल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### यह हैं मुख्य मांगें

- गैस सिलेंडर और बिजली दरों में वृद्धि वापस ली जाए
- किसानों को प्राकृतिक आपदा का मुआवजा एवं बीमा राशि शीघ्र दी जाए
- गेहूं का समर्थन मूल्य बढ़ाकर 2700 रुपये प्रति क्विंटल किया जाए
- पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए